# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार, 4 मई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 22 डिग्री




13 ड्रेनेज सिस्टम सुधारने शासन से निगम को मिली पौने ...



14 चेन माउंटेन से शुरू हुई बड़े नालों की सफाई


## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 दिन और बढ़ा

**मगरलोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनहित में की गई मांग पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 मई तक और बढ़ा दिया है। पहले प्रधानमंत्री आवास सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। सर्वे कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा था। फिर भी कुछ तकनीकी समस्या होने के कारण कुछ हितग्राहियों का पूर्ण वर्णन ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पा रहा था। प्रधानमंत्री आवास शाखा जनपद पंचायत मगरलोड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 66 ग्राम पंचायत अंतर्गत 15000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। 15 मई तक समय बढ़ने से लगभग 1000 और हितग्राही लाभान्वित हो सकते हैं। शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सके।

### सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में 12 मई से सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक उत्तम प्रकाश साहू, कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक, दुलेन्द्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच खुशबू यादव ने आसपास के युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

### साहू सदन नगरी में समर क्लास 5 से

**नगरी।** साहू सदन नगरी में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में समर क्लास का शुभारंभ 5 मई से किया जा रहा है। इसमें कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। विषय विशेषज्ञ बच्चों को मार्गदर्शन देंगे। क्लास प्रातः 8 से 10 बजे तक लगेगी।

धमतरी जिला बना खनिज माफिया का गढ़, बेखौफ कर रहे रेत की चोरी

# वैध खदानों की आड़ में अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वैध खदानों की आड़ में अवैध उत्खनन का खेल चल रहा है। खदान तो कहीं और स्वीकृत है लेकिन उत्खनन कहीं और हो रहा है। यही नहीं वैध से ज्यादा तो अवैध खदान चल रही है। प्रशासन की खौफ के बिना अवैध उत्खनन हो रहा है।

खनिज विभाग ने 9 रेत घाटों को मंजूरी दी है, लेकिन इससे तीन गुना अधिक अवैध रेत खदान चल रही है। सफेदपोश नेताओं के संरक्षण में इन रेत खदानों से खुलेआम रेत की चोरी हो रही है। मुड़पार, अछोटा, कोलियारी, अमेठी, परसुली, दर्री, खरेंगा, सारंगपुरी सहित लगभग सभी रेत खदानों से बेधड़क रेत की निकासी हो रही है। दर्री रेत खदान को तो स्वीकृति मिली हुई है। विडंबना यह है कि इस खदान में स्वीकृति से ज्यादा क्षेत्रफल में उत्खनन किया जा रहा है। स्थिति यह है कि दर्री को छोड़कर अब उत्खनन खरेंगा तक पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार रात में जवरगांव सहित अन्य इलाकों से नदी के रास्ते ही हाइवा खरेंगा तक पहुंचते हैं। यहां पर बेधड़क इन हाइवा में मशीनों से रेत की लोडिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिले में कई अवैध रेत खदान हैं, इन खदानों से ट्रैक्टरों से रेत निकाली जा रही है। इन खदानों के माध्यम से महानदी का अंधाधुंध दोहन हो रहा है लेकिन रायल्टी के नाम पर शासन को फूटी कौड़ी नहीं मिल रही है। रेत माफिया ही करोड़ों रुपए की इस आवक का बंदरबाट कर लेते हैं।

### ऐसे चलता है खेल

दर्री सहित सभी वैध खदानों में रेत की लिमिट तय है। खनिज विभाग इन खदानों के लिए इसी तय लिमिट के अनुसार रायल्टी जारी करेगा। खदानों में जितनी गाड़ियां रायल्टी लेकर जाती हैं, उससे 10 गुना अधिक बिना रायल्टी के रेत भरकर निकलती हैं या फर्जी रायल्टी लेकर निकलती हैं। ऐसे में इन खदानों में लिमिट से कई गुना अधिक रेत की निकासी हो रही है। भौतिक सत्यापन में रेत की चोरी न दिखे इसलिए ठेकेदार स्वीकृत खदान के अतिरिक्त अन्य स्थान से बड़ी मात्रा में रेत की निकासी कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### खदानों को वैध करने की मांग

खदान वैध हो या अवैध सभी में जमकर वसूली की जा रही है। अधिकांश अवैध खदानों से ट्रैक्टरों से रेत की निकासी हो रही है। इससे खदान संचालक सुरक्षित रह जाते हैं। ट्रैक्टर से निकासी होने पर जेसीबी मशीनों की जरूरत नहीं पड़ती है। ऐसे में खदान संचालकों के कर्मचारी खदान में बैठकर वसूली करते हैं लेकिन शासन के खाते में रायल्टी के नाम पर एक रूपया नहीं जाता है। यदि इन खदानों को वैध कर दिया जाए और सभी गाड़ियां रायल्टी पर्ची से चले तो सभी को लाभ होगा। परिवहनकर्ता अब सभी रेत खदानों को वैध करने की मांग कर रहे हैं।

### बाल-बाल बचे पंच

ग्राम बेलरगांव व ग्राम भुरसीडोंगरी में सीतानदी से अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। बेलरगांव वार्ड पंच गजेंद्र कुमार नेताम ने अवैध परिवहन रोकने की कोशिश की तो ट्रैक्टर चालक ने उस पर ही ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने मोटरसाइकिल से कूदकर अपनी जान बचाई। उनकी मोटरसाइकिल ट्रैक्टर के नीचे आकर चकनाचूर हो गई। वार्ड पंच के पैर में चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उधर तसीलदार ने कुछ ट्रैक्टरों पर अवैध परिवहन का मामला बनाया है। ट्रैक्टरों को जब्त कर सिहावा थाने में खड़ा किया गया है।

### गिरौद में उबला आक्रोश

मगरलोड ब्लाक के ग्राम गिरौद में दिन-रात चेन माउंटेन से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। रोजाना बड़ी संख्या में हाइवा से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर शुक्रवार की रात ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने रेत खदान में हल्ला बोलते हुए चेन माउंटेन के सामने अड़ गए। महिलाओं की संख्या काफी अधिक थी। उन्होंने रेत खदान को बंद करने की मांग की है।

# मौसम के बदले तेवर से किसानों की उड़ी नींद

## गर्म और सर्द मौसम से लोगों की सेहत पर पड़ने लगा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मौसम में आए बदलाव से न सिर्फ किसान परेशान हैं, बल्कि लोगों की सेहत पर भी खतरा मंडरा रहा है। दोपहर तक तो चिलचिलाती धूप थी। शाम ढलने से पहले ही अच्छी बारिश से मौसम ठंडा हो गया। गरम और सर्द मौसम से सेहत पर असर पड़ने लगा है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। शनिवार को भी सुबह से धूप काफी तेज थी लेकिन शाम 4.30 बजे मौसम में अचानक ही बदलाव आया और तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। मौसम में इस बदलाव से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। तेज हवा और बारिश से धान जमीन पर बिछ गई है। कई किसानों की धान कटाई के लायक नहीं हुई है। ऐसे में धान की क्वालिटी खराब होने का खतरा बना हुआ है। किसान युवराज शर्मा, अशोक कोड़ोपी ने बताया कि धान के जमीन पर बिछ जाने से मशीनों से कटाई संभव नहीं है। उसे हाथ से कटाई करवानी पड़ेगी। इससे कटाई और मिंजाई की लागत अधिक आएगी। समय भी काफी लगेगा। जब तक मौसम नहीं खुलता है, तब तक वे कटाई शुरू नहीं कर पाएंगे। उधर खराब मौसम से बच्चों और बुजुर्गों के साथ युवाओं की सेहत भी खराब होने लगी है। एक ही दिन में मौसम गर्म और सर्द होने से सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द सहित अन्य कई प्रकार की बीमारियां लोगों को शिकार बना रही हैं।

# जहर सेवन से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ ग्राम सांकरा की घटना

अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक का सेवनकर आत्महत्या कर ली है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी फनेश्वर साहू पिता पुनीतराम उम्र 28 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। शनिवार की सुबह 4 बजे घर से निकलकर नहर पार की तरफ चला गया। आधे घंटे के बाद वापस घर आकर अपने बिस्तर पर सो गया। फनेश्वर के आने के बाद उसका बड़ा भाई टीकाराम साहू भी नहर की तरफ गया। वापस लौटने पर उसने कमरे में फनेश्वर को जमीन पर बेहोश पाया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। कमरे में जहरीली दुर्गंध फैली हुई थी। युवक को परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया कि युवक ने नहर तरफ जहर का सेवन कर घर आया था। फिलहाल युवक द्वारा जहर सेवन का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।



एएसपी ने ली संचालकों की बैठक

# लॉज, होटल व ढाबा संचालक आगंतुकों का रखेंगे रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के होटल, लाज व ढाबा संचालकों की एएसपी ने बैठक लेकर आगन्तुकों के पहचान पत्र का रिकार्ड रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने शुक्रवार को डीएसपी व धमतरी एसडीएम, थाना प्रभारी की उपस्थिति में संचालकों की बैठक में कहा कि कोई बाहरी, आपराधिक व्यक्ति शहर के किसी भी होटल व लाज में आश्रय लेकर आपराधिक घटना कर कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। इस संबंध में होटल, लाज व ढाबा के संचालक आगंतुकों, ठहरने वाले व्यक्तियों से उनका पहचान पत्र प्राप्त कर अनिवार्य रूप से रिकार्ड रखे।

धमतरी जिले में स्थित सभी थाना क्षेत्रांतर्गत स्थित होटल, ढाबा, लाज, धर्मशाला आदि में सीसीटीवी कैमरे लगा होना अनिवार्य है। जिले के सभी संचालक उसके परिसर में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का रिकार्ड प्रतिदिन संबंधित थाना प्रभारी को उपलब्ध कराएं। बैठक में डीएसपी मीना साहू, एसडीएम, थाना प्रभारी सहित होटल, ढाबा संचालक उपस्थित थे।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# डॉक्टर बनने एक हजार से अधिक छात्र देंगे नीट की परीक्षा

- तीन सेंटर में 1080 परीक्षार्थी होंगे शामिल
- जूता मोजा सहित तमाम आभूषण एवं इलेक्ट्रानिक सामग्री पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डाक्टर बनने का सपना संजोए जिले के एक हजार से अधिक छात्र आज नीट का परीक्षा दिलाएंगे। धमतरी के तीन केंद्रों में कड़ी निगरानी के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा की तैयारी का कलेक्टर, एसपी ने निरीक्षण किया।

जिले के छात्र डाक्टर बनने के लिए तैयारी कर रहे है। नीट यूजी की परीक्षा 4 मई को दोपहर 2 से 5 बजे के बीच होगी जिसमें जिले के 1080 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। ड्रेसकोड, वर्जित सामग्री, नियम, विनियम की जानकारी दी गई है।



### 2 से 5 बजे तक होगी परीक्षा

एनटीए धमतरी के सिटी कोआर्डिनेटर डा.नितिन शर्मा ने बताया कि धमतरी में तीन स्थानों में नीट की परीक्षा होगी। पीजी कालेज धमतरी में 700 परीक्षार्थी, शासकीय भोपालराव पालीटेक्निक में 240 तथा शिवसिंह वर्मा कन्या स्कूल में 240 छात्र परीक्षा दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि सेंटरों में 10 बजे तक शिक्षकों को प्रवेश कर लेना है। 11 से 1.30 बजे तक परीक्षार्थियों का प्रवेश होगा। 1.30 के बाद प्रवेश वर्जित हो जाएगा। 2 से 5 बजे तक परीक्षा होगी।

### कड़ी निगरानी में होंगे प्रश्नपत्र

डा. शर्मा ने बताया कि नीट की परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी। परीक्षार्थियों को सादे कपड़े में पहुंचना होगा। फूलबांह वाली शर्ट की मनाही है। जूता मोजा के बदले चप्पल पहननी होगी। छात्र आईडीप्रूफ और प्रवेश पत्र ही लेकर आएंगे। प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर से जांच होगी। बायोमेट्रिक से प्रवेश के बाद एडमिट कार्ड में होलोग्राम लगाया जाएगा। अंगूठी, ब्रेसलेट, कान नाक के आभूषण, चैन, हार, पैंडेड, बैज, किसी प्रकार के कागज के टुकड़े, पाठ्य सामग्री, प्लास्टिक पाउच, मोबाइल, स्मार्टवाच, ब्लूटूथ, इयरफोन, मैजर कैल्कुलेटर, पेन पेंसिल, पर्स, ताबिज, टोपी, बेल्ट, चश्मा आदि सामग्री पूरी तरह प्रतिबंध रहेगी। पारदर्शी पानी बॉटल ले जा सकेंगे। पूरी प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग होती रहेगी। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी।

## मंदिर की रेलिंग, शेड तथा घर को हुआ नुकसान, निगम ने किया रास्ता बहाल

# 50 किमी की रफ्तार से चली आंधी, कई पेड़ हुए धराशायी





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शनिवार की शाम को मौसम ने फिर करवट ली। तेज हवाओं के साथ कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुई। आंधी से कई जगह पेड़ धराशायी हो गए। गौरव पथ में पीपल का विशालकाय वृक्ष गिरने से रोड ब्लाक हो गया। वहीं मंदिर की रेलिंग, शेड तथा घर को क्षति पहुंची है। निगम ने जेसीबी बुलाकर रास्ता बहाल किया।

पश्चिम विक्षोभ के चलते पिछले कुछ दिनों से आंधी, बारिश का दौर जारी है। शनिवार को 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चली आंधी ने कई पेड़ों को धराशायी कर दिया। एक घटना गौरवपथ में धोबी समाज भवन के पास हुई जिसमें एक विशालकाय पीपल वृक्ष के गिरने से मंदिर की रेलिंग और शेड क्षतिग्रस्त हो गया। वार्ड पार्षद कुलेश सोनी ने बताया कि पेड़ गिरने से एक घर के शेड को नुकसान पहुंचा है। केबल वायर के टूटने से लाइट बंद हो गई है। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान वहां पर कोई मौजूद नहीं थी, जिससे कोई अप्रिय घटना नही हुई। श्री सोनी ने बताया कि निगम से जेसीबी बुलाकर रास्ता बहाल किया गया है।

### आज भी आंधी और ओलावृष्टि की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से गुजरात महाराष्ट्र आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक समुद्रतल से 1.5 किमी तक फैली हुई है। पूर्व पश्चिम द्रोणिका चक्रवाती परिसंचरण क्षेत्र से दक्षिण पूर्व राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्र से मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए उत्तरी उड़ीसा तक जा रही है। यह समुद्रतल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने तथा ओलावृष्टि की संभावना है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)*

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

### आवेदन हेतु पात्रता

प्रति,

**संचालक**

**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**

**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**

**पिनकोड- 492013**

महोदय____________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।

आवेदक का नाम____________________

पिता/पति____________________ जन्म तिथि____________________

वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________

सामान्य__________पत्र व्यवहार का पता____________________

____________________ पिन कोड__________

मो. नं.____________________बाट्सअप नं____________________

पालक का मो. न____________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग____________________

में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________

हस्ताक्षकर____________________ पालक का हस्ताक्षर____________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप




### सुशासन त्योहार शिविर 6 मई से होंगे शुरू

दुर्गूकोंदल। जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सीईओ ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोदल के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायत के तहत कलक्टर ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जनप्रतिनिधि क्षेत्रवार सुशासन शिविर में शामिल होंगे और अपनी समस्याओं को शिविर स्थल में अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। सुशासन त्यौहार 6 मई को हाटकोंदल, 8 मई बरहेली, 14 मई कोड़ेकुसी और 16 मई को कोदापाखा में शिविर आयोजित होंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की हुई मौत

कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कुल्हाड़ कट्टा मेन रोड के पास सड़क दुर्घटना में 1 मई को कोदागांव निवासी 25 वर्षीय चमन लाल का मौत हो गई। कोदागांव निवासी 55 वर्षीय दयालू राम ने पुलिस को बताया कि मृतक स्वयं मोटर सायकल को चलाते हुए चार पहिया वाहन से टकरा गया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### संविधान बचाओ रैली के संबंध में बैठक आज

**दुर्गुकोंदल।** संविधान बचाओ रैली के सम्बन्ध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल में आज 4 मई 1 बजे विश्राम गृह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सह प्रभारी हेमन्त ध्रुव, सुनाराम तेता, जनपद अध्यक्ष भानुप्रतापपुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सदस्य जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित होंगे।

### भानुप्रतापपुर की छात्राओं ने 5वीं की परीक्षा में जिला स्तरीय टॉप 10 में बनाया स्थान

कांकेर। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में कक्षा 5 वीं के केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। विकासखण्ड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा पांचवी में 100 प्रतिशत तथा कक्षा आठवी में 96.67 प्रतिशत उत्तीर्ण के साथ सातों विकासखण्डों में प्रथम स्थान बनाया है।
विकासखण्ड में कक्षा पांचवी के लिए 1505 छात्रों का पंजीयन करवाया था। परीक्षा में 1470 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 1333, द्वितीय श्रेणी में 129 एवं तृतीय श्रेणी में 7 छात्रों ने स्थान बनाया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं के लिए 1596 छात्रों का पंजीयन करवाया था।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

कलेक्टर ने सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों की ली जानकारी

# नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से शुरू हो रहा है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सुशासन तिहार में मिले आवेदनों और समाधान शिविरों की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी समाधान शिविर स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की रिपोर्ट दें। प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होगा, जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों पर समाधान शिविर लगेंगे। इस दौरान सुशासन तिहार में मिले समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों का निराकरण के संबंध में आवेदकों को बताया जाएगा। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिविरों में उपस्थित लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी दी जाये। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इन शिविरों के आयोजन के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिविर आयोजन की तिथि से कम से कम तीन दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर लोगों को सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर स्थलों पर छाया, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। साथ ही इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण एवं जानकारी भी देने कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि तीसरे चरण में जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में कुल 39 समाधान शिविर लगेंगे।

## विधायक ने आंगनबाड़ी एवं सतनामी सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम पंचायत दरबा में विधायक अजय चंद्राकर ने नवीन आंगनबाड़ी भवन एवं सतनामी सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरूद विधानसभा के प्रत्येक गांव में सामाजिक भवन, सीसी रोड समेत अन्य विकास कार्य हो रहे हैं। लेकिन प्रत्येक पंचायत को एक नई सोच के साथ एक ऐसी मांग करनी चाहिए जिससे सामाजिक संगठनों का सीधा विकास एवं उत्थान हो सके। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने कहा कि विधायक के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में विकास हुआ है। आगे भी विकास कार्य किए जाएंगे।

मौके पर गौकरण साहू, चंद्रशेखर साहू, पुष्पेंद्र साहू, संतोष साहू, डॉक्टर लोकेश साहू, कौशलेश अडिल, रामखिलावन साहू, गंगाराम, पुनीत राम, विक्रम साहू, अखिलेश साहू, अमित साहू, पंचगण दिनेश साहू, योगेश साहू, खेमचंद साहू, कमलेश साहू, गुलशन कुमार साहू, रामेश्वरी बंजारे, नूतन साहू अन्य मौजूद थे।

### वेदप्रकाश 5वीं में द्वितीय रहे

**धमतरी।** ग्राम बोड़रा स निवासी वेदप्रकाश साहू पिता उदय साहू ने कक्षा पांचवीं में 94 प्रतिशत के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान हासिल किया है। वह सेजेस विद्यालय कंडेल में पढ़ाई कर रहा था। माता-पिता, परिजनों सहित शिक्षकों, ग्रामीणों में खुशी है। सभी ने वेदप्रकाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### नारी बस स्टैंड में शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय नहीं

**सिर्री।** ग्राम नारी के बस स्टैंड मुख्य चौक के पास यात्री प्रतीक्षालय और सुलभ शौचालय नहीं है। मुख्य चौक-चौराहों में पेयजल, शौचालय की बड़ी समस्या है। इससे राहगीरों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

## गौरव पथ पर नपं ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 8 स्थित गौरव पथ पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद अधिकारी कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाया। नगर के गौरव पथ पर सफाई अभियान की शुरुआत करते हुए सड़कों पर झाड़ू लगाने के साथ नाली पर बनें अस्थाई अतिक्रमण एवं नाली के स्लैब के ऊपर जमे कचरे को निकाला। बरगद चौक से लेकर कृषि उपज मंडी तक दोनों और नगर पंचायत के समस्त पार्षद, स्वच्छता दीदी सफाई कर्मी झाड़ू लगाते व कचरा को उठाते हुए चल रहे थे जिसे देख वहां के वार्डवासी भी स्वच्छता के प्रति जागरूक दिखे और आगामी भी इसी तरह का अभियान चलाकर गौरव पथ को स्वच्छ व सुंदर रखने का आग्रह किया। नगर पंचायत नगरी में महीने में दो बार विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर नगर की मुख्य जगहों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। माता तालाब, गांधीसागर तालाब के बाद गौरव पथ की साफ सफाई की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

सफाई अभियान में सभापति अश्विनी निषाद, शंकर देव, अलका, किरण साव, पार्षद राजा पवार, अंबिका ध्रुव, असकरण पटेल, चेलेश्वरी साहू, मिक्की गुप्ता, जयंती, टुकेश्वरी साहू, नरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत वर्मा, सब इंजीनियर परमेश ध्रुव, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू, दीपक साहू, हरीश सोम, भूपेंद्र कौशल, दुर्गेश साहू, बबलू सोम उपस्थित थे।

## पांचवीं में नोब्या चटौद संकुल में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

केंद्रीयकृत परीक्षा कक्षा पांचवीं का परिणाम 30 अप्रैल को घोषित हुआ। शासकीय प्राथमिक शाला कोंडापार में अध्यनरत सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम नोब्या बारले प्रथम 94 प्रतिशत, द्वितीय लेखनी वैष्णव 89 प्रतिशत एवं कुणाल साहू 89 प्रतिशत, तृतीय नितिन बारले 85.50 प्रतिशत तथा चतुर्थ जावेश बारले 84 प्रतिशत, पंचम पंकज चौहान 83.50 प्रतिशत रहे। नोब्या बारले संकुल केंद्र चटौद में सबसे अधिक अंक प्राप्त कर पूरे शाला परिवार को गौरवान्वित किया है।


नोब्या बारले

संकुल प्रभारी मरकाम, समन्वयक रमेश चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मूलचंद मारकंडे, प्रपा तेजराम पटेल एवं शाला स्टाफ हरेंद्र साहू, नवनीत चंद्राकर, टेकचंद साहू, सरिता मानिकपुरी, तरुणा बंजारे, सूर्या कलपुरिया सहित सरपंच भीमकुमार साहू, अनुराग साहू जनपद सदस्य ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त बनाती है : सुभाष

- डांडेसरा स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा की कक्षा पहली से पांचवीं तक प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, शाला समिति अध्यक्ष राजनारायण दीवान एवं पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू द्वारा तिलक लगाकर एवं पेन देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा पहली में प्रथम चेतना कंवर, द्वितीय रूपाली, कक्षा दूसरी में प्रथम पायल साहू, द्वितीय श्रेया सतनामी, कक्षा तीसरी में प्रथम डामेश्वर कंवर, द्वितीय तुषार कंवर एवं धनाक्षी सेन, कक्षा चौथी में प्रथम भेषराज कंवर, द्वितीय भूमिका कंवर, कक्षा पांचवीं में प्रथम वर्षा जोशी, द्वितीय गरिमा जोशी रही। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को दिशा देने का सबसे प्रभावशाली माध्यम है। शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त, समृद्ध और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा हमारे व्यक्तित्व, चरित्र और आदर्शों का निर्माण करती है। उन्होंने आगे कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें।

पीएसजी कर्मचारी टिकेश्वर साहू ने कहा कि शिक्षा के विभिन्न प्रकार है, जैसे फार्मल शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा और जीवन शिक्षा। फार्मल शिक्षा वह है जो हम स्कूल, कालेज या अन्य शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त करते हैं। अनौपचारिक शिक्षा वह है जो हम अपने परिवार, समुदाय या अन्य स्त्रोतों से प्राप्त करते हैं। जीवन शिक्षा वह है, जो हमें जीवन को चुनौतियां, समस्याओं और अवसरों से सीखने का अवसर मिलता है। सरपंच खुमेश्वरी साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक डीआर ध्रुव, प्रधानपाठक उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका शहनाज़ बानो, कल्पना रामटेके, अनीता साहू, बीना गजेन्द्र, हरिचंद कंवर, रोशन ध्रुव ने हर्ष जताया है।

## छग के 35 पैक्स कर्मचारियों ने दिल्ली में लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

इफ्को नैनो उर्वरक आधारित उर्वरक विपणन एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन कार्यक्रम गुरुग्राम नई दिल्ली हरियाणा में 29 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित किया गया। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड धमतरी छत्तीसगढ़ के पैक्स प्रबंधक, बैंक सुपरवाइजर, शाखा मैनेजर समेत 35 प्रतिभागी लालबहादुर सिंह के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचे थे और भारत सरकार द्वारा नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उत्पादित लिक्विड का प्रशिक्षण लिया। भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय ने जलवायु, हवा, मिट्टी, प्राकृतिक वातावरण, विष मुक्त अन्न उत्पादन करने के लिए फर्टिलाइजर यूरिया डीएपी के स्थान पर तरल नैनो यूरिया, डीएपी, सागरिका को विशेष महत्व दिया है।

## लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत आवश्यक




- कोसमर्रा स्कूल में 9वीं, 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, नियति व सेजल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में कक्षा 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। परीक्षा परिणाम प्राचार्य सीआर साहू एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकडे की उपस्थिति में घोषित किया गया। नवमी का परीक्षा परिणाम 57 प्रतिशत रहा। प्रथम नियति साहू, द्वितीय तीक्षा निषाद, तृतीय देविका साहू रही। 11वीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा। प्रथम सेजल साहू, द्वितीय विनीता यादव, तृतीय ऐश्वर्या रही।

इस अवसर पर प्राचार्य श्री साहू, श्री वाकडे, अशोक बैस, बालकृष्ण साहू ने कहा कि सफलता असफलता, सुख दुख जीवन के आयाम हैं। व्यक्ति को बड़ा लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए तभी उसमें सफलता मिलती होती है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत आवश्यक है। टॉप 10 के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मनीराम साहू, रमेश सेन, परीक्षा प्रभारी पुष्पेंद्र गुरु, शिक्षक वासुदेव सोनबेर ,संतोषराव जगताप, मानसिंह जांगड़े, रविंद्र बंधे, नरेश, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर, अनिल साहू, हरिश्चंद्रसिंह नेताम समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री गुरु एवं आभार व्यक्त वासुदेव सोनबेर ने किया।

## अरौद में पुतरा-पुतरी का हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम अरौद के आदर्श मिलन चौक के दुर्गा मंच में अक्षय तृतीया अक्ती पर्व पर पूरे रीति-रिवाज के अनुसार पुतरा पुतरी का विवाह कराया गया। विवाह के दो दिन पूर्व ही विवाह आमंत्रण कार्ड छपवाकर ग्रामवासियों को वितरण किया गया। तेल हल्दी की रस्म पूरी कर बारात पूरे बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। सजे हुए मंडप पर बैठकर दूल्हा दुल्हन का मौर सौंपा गया। दुल्हन की विदाई की गई। यह विवाह पूरे रीति रिवाज के साथ किया गया। घराती बराती बने लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पुष्पित पल्लवित करने के उद्देश्य से पुतरा पुतरी का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में कामताराम साहू, यमुना साहू सहित मोहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

महानदी की रक्षा और जागरूकता संदेश के साथ निकली कलश यात्रा

## गणेश घाट से लाए जल से कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




जीवनदायिनी महानदी की रक्षा और जागरूकता संदेश के साथ निकली कलश यात्रा में कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट ने भक्ति, परंपरा और सेवा की त्रिवेणी प्रवाहित की। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता के नेतृत्व में कलश यात्रा का पारंपरिक स्वागत किया गया। गणेश घाट से लाया गया पावन जल कर्णेश्वर महादेव को समर्पित करते हुए श्रद्धालुओं ने सामूहिक जलाभिषेक और आराधना की।

ट्रस्ट की ओर से आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। विकल गुप्ता ने महानदी को आध्यात्मिक चेतना की धारा बताते हुए इसके संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासो की सराहना की। उन्होंने कहा कि सिहावा पर्वत से निकली यह नदी जनजीवन की धमनियों में बहती है, जिसे बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन द्वारा गणेश घाट क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों जैसे एनीकट निर्माण, दोनों किनारों पर पिंचिंग, श्रृंगी ऋषि की तपोस्थली महेन्द्रगिरि पर्वत एवं ऐतिहासिक कर्णेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण को समय की मांग बताया।

कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, एसडीएम प्रीति दुर्गम, मेगा फाउंडेशन के निर्मल व सुचिता राघवन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ट्रस्ट सदस्य उपस्थित थे। महानदी के उद्गम स्थल को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव एवं एसपी सूरज सिंह परिहार गणेश घाट पहुंचे। वहां ऋषि पंचमी समिति के अध्यक्ष बलदेव निषाद, पुजारी मान सिंह पटेल, ज्ञान सागर पटेल, संजय सारथी व अन्य सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और क्षेत्र के विकास को लेकर अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किए।

## छाती में सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी




स्व. भोपालमणि यादव शाउमावि छाती के प्रभारी प्राचार्य बीआर साहू का 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बीआर साहू ने 2017 से 2025 तक संस्था में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य किया। सत्र 2024 में 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कई कार्यों के फलस्वरूप उन्हें मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिला। श्रीमती सरिता सिन्हा व्याख्याता एवं ओमप्रकाश साहू शिक्षक को भी स्थानांतरण पश्चात विदाई सम्मान दिया गया।

इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, सदस्यगण चैतराम साहू, दूडेश्वर यदु, महेश्वरी चंद्राकर, तुकाराम साहू, गजानंद कैसाल, सुरेंद्र चंद्राकर, शिव चंद्राकर, डिगेश्वर साहू, गणेशराम चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, मेणार्क चंद्राकर, खिलेश्वर चंद्राकर, विजय चंद्राकर, माध्यमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष नरोत्तम साहू, विनीता सिन्हा, अनिल नागवंशी, सेवकराम खरे, कल्पना हुखरे, रश्मि नन्नावरे, अंबालिका साहू, फलदेवी साहू, गार्गी साहू, ममता ठाकुर, भोजराम साहू, दुर्गेश ध्रुव, ओमप्रकाश सोनवानी, उपेंद्र साहू समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अंबालिका साहू व्याख्याता व आभार प्रदर्शन निकेश कुंभकार व्याख्याता ने किया।

## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में तेजश्वनी ठाकुर रहे द्वितीय



**नर्रा।** शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के छात्रा तेजश्वनी पिता स्व. ताहरसिंह ठाकुर ( राजस्व निरीक्षक) ने कक्षा 9वीं में 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वे मम्मी पापा और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ, अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, एजीएस, अजजा शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज ने हर्ष जताया है।

### पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक हुई

**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक गायत्री मंदिर बेमचा प्रांगण में 1 मई को शाम 4 बजे हुई। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना भगत राम साहू, राधेश्याम दुबे, रमेश गुप्ता एवं भूषण लाल भोसले ने की। पश्चात पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य पीआर बारले की आकस्मिक निधन एवं पहलगाम में आतंकियों के हमले से दिवंगत लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंशनर ऐसोसिएशन के नए सदस्य प्रहलाद यादव का गुलाल से तिलक लगाकर श्रीफल के साथ चमन लाल साहू तथा वरिष्ठ सदस्य मुरलीधर पटेल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बीते 13 अप्रैल 25 को संपन्न हुए चुनाव में निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवांगन को आगामी बैठक में महासमुंद आमंत्रित के लिए विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में भगत राम साहू, देवनरायण साहू, विरेन एवं चमनलाल साहू द्वारा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बैठक को संबोधित किया गया। बैठक में चोवाराम साहू, चोवासिंग ठाकुर, नारायण साहू, अर्जुन साहू, रतन लाल साहू, शिवनंदन भोसले, भूषण भोसले, राधेश्याम चन्द्राकर, गनेशी बाई, कुमारी यादव, प्यारी यादव आदि पेंशनरगण मौजूद रहे। समापन मुरली पटेल द्वारा किया गया।

### विधायक के नेतृत्व में नगर विकास की पहल तेज



**पिथौरा।** नगर के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद एवं प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके निवास में महत्वपूर्ण मुलाकात की।यह भेंट केवल औपचारिक नहीं रही, बल्कि इसमें नगर की जमीनी जरूरतों को लेकर गंभीर विमर्श हुआ। विधायक डॉ. अग्रवाल ने पिथौरा नगर की समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए बस स्टैंड, खेल मैदान, सड़क-नाली के उन्नयन और नगर सौंदर्यीकरण जैसी आवश्यकताओं को रखा। उपमुख्यमंत्री ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष देव सिंह निषाद ने कहा कि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में हम लगातार नगर के विकास के लिए प्रयासरत हैं। उपमुख्यमंत्री से मुलाकात में हमें विकास की कई योजनाओं के लिए शीघ्र हरी झंडी मिलने की संभावना है। इस प्रतिनिधिमंडल में नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, पार्षद मन्नू लाल ठाकुर एवं पार्षद प्रतिनिधि रामचंद्र मुन्ना भी उपस्थित रहे। पंचायत चुनावों के बाद यह नगर अध्यक्ष की पहली महत्वपूर्ण सरकारी बैठक रही, जिसे सौजन्य भेंट बताया गया। परंतु, इसके मूल में पिथौरा के विकास की गूंज स्पष्ट रूप से सुनाई दी।

150 साल पुराना ड्रेनेज सिस्टम सुधरेगा : महापौर

# ड्रेनेज सिस्टम सुधारने शासन से नगर निगम को मिली पौने 6 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर का ड्रेनेज सिस्टम 150 साल पुराना है। दशकों बाद भी इसमें बदलाव नहीं हुआ है। आबादी बढ़ती गई, भवनों की संख्या में बढ़ोतरी हो गई। शहर के आसपास के खेतों में कॉलोनियां खड़ी हो गई। प्राकृतिक जल निकासी मार्ग बंद हो गया। नतीजन हल्की बारिश में भी शहर के प्रमुख स्थानों में घुटनों से लेकर कमर तक पानी भर जाता है। पान को उतरने में समय लगता है तब तक जनजीवन, यातायात अवरुद्ध हो जाता है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निगम ने ड्रेनेज सिस्टम सुधारने का बीड़ा उठाया है ताकि कम से कम स्थानों पर जलभराव हो। ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। राज्य शासन ने इसके लिए 5.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस राशि से शहर के प्रमुख चिन्हांकित ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा जाएगा। निकासी के लिए अंडरग्राउंड, ओपन नालियां, कंवर्ट नालियां, रिटर्निंग वाल, पंप हाउस बनाए जाएंगे। टेक्निकल सर्वे के आधार पर इंजीनियरों ने योजना बनाई है जिसके आधार पर नया ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग, सब्जी मंडी, मुजगहन रोड, कलकता फोटो स्टूडियो, दुर्गा मंदिर श्यामतराई, मंडी गेट क्षेत्र में आरसीसी ड्रेन, डबल सेल, नाली, कन्वर्ट नाली, रिटर्निंग वाल, पंपहाउस आदि बनाए जाएंगे। जल जमाव वाले क्षेत्र आमापारा, पुराना बस स्टैंड, विमल टाकिज रोड, भगवती मैरिज ग्राउंड, बनियापारा आदि जगहों की मरम्मत की जाएगी। नालों की सफाई के लिए 68 लाख रूपए की चेन माउंटेन मशीन खरीदी गई, जिसके माध्यम से तीव्र गति से बड़े नालों की समुचित सफाई होगी।

श्री रोहरा ने बताया कि 150 साल पहले जब शहर की आबादी 8 से 10 हजार थी, तब ड्रेनेज सिस्टम बनाया गया है। अब आबादी बढ़कर 1.35 लाख हो गई। आबादी के हिसाब से नया ड्रेनेज बनेगा। आमापारा में 11 लाख की लागत से अंडरग्राउंड, ओपन नाली का काम जारी है। 20 लाख की लागत से एक अन्य नाला पर काम चल रहा है। शहर में जलभराव को रोकने 150 स्थानों पर रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। फिलहाल 23 स्थानों पर सिस्टम बनेगा। शासन से इसके लिए 23 लाख की स्वीकृति मिली है। सिस्टम से पानी भूगर्भ में जाएगा। जलस्त्रोत बढ़ेगा।

## नपं अध्यक्ष ने महिलाओं को बताया अपना विजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा नपं अध्यक्ष ज्योति जैन ने वार्ड क्रमांक 9, 11 की महिलाओं से सभी विषयों पर सार्थक चर्चा की। उन्हें अपना विजन बताया तथा उनकी समस्याओं को भी समझा और जानकारी ली। मातृशक्तियों से सार्थक चर्चा हुई और वे इस आत्मीयता से प्रसन्न भी हुई। इस दौरान डिम्पल, नेहा, रेशमा, श्वेता, अंजलि साहू, कला यादव, शीतल, चित्रलेखा, भारती, मुकेश्वरी, चमेली, ओमलता मौजू थीं। वे सभी अंजलि के नेतृत्व में अध्यक्ष से मिलने आई थीं।

## अक्ती पर्व पर बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम मोखा (मड़ाईभाठा) में अक्ती पर्व पर बच्चों ने मिट्टी से बने गुड्डे-गुड़ियों की शादी रचायी। इसमें बच्चों सहित बड़ों ने भी उत्साह से भाग लिया। शादी की पूरी रस्म निभाई गई। तेलमाटी, चुलमाटी लाकर दूल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाया गया। बच्चों सहित बड़े भी मायन नाचा में बाजे-गाजे के साथ जमकर थिरके। शीतला पारा के तानिया, मुस्कान, होमिशा, नोमित, राहुल, साक्षी ने तेलमाटी, चुलमाटी लाकर दूल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाया। शाम-रात को आशीर्वाद समारोह का कार्यक्रम रखा गया। मोहल्लेवासी मंडप स्थल पर आकर टीकावन स्वरूप रूपये पैसे देकर आशीर्वाद प्रदान करते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

## हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति ने मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान



- समाजसेवा की मिसाल बनी समिति, श्रम की गरिमा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

मजदूर दिवस पर नगर पंचायत नगरी में हिंदू संगठन परमार्थ सेवा समिति द्वारा मुक्तिधाम परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। समिति के सदस्यों ने अपने श्रमदान के माध्यम से समाजसेवा की एक मिसाल पेश की। इस सेवा कार्य में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, ललित शर्मा, चमन साहू, बिल्लू निर्मलकर, रूपेंद्र साहू, देवेन्द्र परिहार, राजकुमार, गुलाब देवांगन, दयाशंकर साहू समेत अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर मुक्तिधाम परिसर की सफाई की, कचरा हटाया और परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया।

ज्ञात हो कि परमार्थ सेवा समिति न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए कार्यरत है, बल्कि सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करती है। मजदूर दिवस के मौके पर समिति द्वारा किया गया यह कार्य श्रम की महत्ता और सामाजिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने कहा कि साफ-सफाई केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हम सभी को अपने आसपास के सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के लिए सक्रिय होना चाहिए। इस स्वच्छता अभियान की नगरवासियों ने भी सराहना की और इसे एक प्रेरणास्पद प्रयास बताया।

## सुशासन तिहार ने खोली मोंगरा के लिए रोजगार की नई राह

- अब मिल्क रूट से जुड़ेगा ग्राम मोंगरा, महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर, पुरुषों के नशे की आदत पर भी लगाम लगेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर सरकार के सुशासन तिहार ने कुरूद विकासखंड के मोंगरा गांव में रोजगार का एक नया साधन खोलने की राह आसान कर दी है। जल्द ही यह गांव जिले के मुख्य मिल्क रूट से जुड़ेगा और दुग्ध व्यवसाय में अपनी पहचान बनाएगा ।

इस गांव के निवासियों खासकर महिलाओं की विशेष मांग पर मोंगरा में नई दुग्ध संग्रहण समिति बनाई गई है। अब इस समिति के माध्यम से गांव के पशुपालकों द्वारा उत्पादित दूध को देवभोग दुग्ध महासंघ को बेचा जाएगा। सुशासन तिहार के दौरान इस गांव के लोगों विशेषकर महिलाओं ने गांव को दुग्ध रूट से जोड़ने की मांग प्रशासन से की थी। मांग पर कार्रवाई करते हुए पशुधन विकास विभाग और देवभोग दुग्ध महासंघ के परस्पर सामंजस्य से गांव में दूध इकट्ठा करने और महासंघ को बेचने समिति बना दी गई है।

### खर्च बचेगा और आमदनी में बढ़ोतरी होगी

महिलाओं ने बताया कि दूध सीधे महासंघ को बेचेंगे तो पैसा भी सीधे उनके बैंक खाते में आयेगा जिससे पुरुषों को शराब या नशा करने के लिए पैसा नहीं मिलेगा। गांव के दूध उत्पादक पशुपालक इस बात से भी ख़ुश हैं कि अब उन्हें दूध बेचने मोंगरा से छह-सात किलोमीटर दूर चर्रा या आठ किलोमीटर दूर कुरूद नहीं जाना पड़ेगा। अपने घर-गांव में ही दुग्ध महासंघ को निर्धारित दर पर दूध बेचने से चर्रा-कुरूद तक जाने-आने में होने वाला खर्च भी बचेगा और समय की भी बचत होगी। इसके साथ ही दूध के ख़राब होने से घाटा होने की संभावना तो पूरी तरह ही ख़त्म हो गई है। नई समिति के सभी सदस्यों ने गांव को मिल्क रुट से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

### प्रतिदिन करीब 90 लीटर हो रहा दूध का उत्पादन

इस समिति में आधी सदस्य महिलायें हैं। समिति के बन जाने से इस गांव की महिलाएं बहुत खुश हैं। अपने पशुओं की देखभाल और सेवा से जो दूध मिलता है अब उसका अच्छा दाम उन्हें मिलेगा और फायदा ज़्यादा होगा। परंतु महिलायें इस बार से ज़्यादा प्रसन्न हैं कि अब गांव के पुरुषों की शराब में कमाई उड़ाने की आदत पर लगाम लग जाएगी। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती यमुना साहू और गांव की अन्य महिलाएं बताती हैं कि मोंगरा में दूध उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में ही यहां हर दिन लगभग नब्बे लीटर दूध उत्पादित होता है। यह दूध अभी औने-पौने दाम पर चर्रा या कुरूद में बेचा जाता है। उसपर भी गांव के पुरुष दूध बेचकर मिलने वाले पैसों को शराब में उड़ा देते हैं।

## बेलरगांव पंच को ट्रैक्टर से रौंदने की कोशिश



- मोटरसाइकिल से कूदकर बचाई अपनी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत बेलरगांव व ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी के बीच सीता नदी से अवैध रुप से रोजाना रेत का परिवहन हो रहा है साथ ही ट्रैक्टरों से रोजाना रेत माफिया द्वारा तस्करी की जा रही है।

शनिवार को सुबह दस बजे रेत से भरी ट्रैक्टर जा रही थी तभी ग्राम पंचायत बेलरगांव के पंच गजेंद्र कुमार नेताम ने अवैध परिवहन को रोकने की कोशिश की। ट्रैक्टर चालक ने वार्ड पंच को ट्रैक्टर से रौंदने की कोशिश की लेकिन वार्ड पंच ने मोटरसाइकिल से कूदकर बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। चालक ने मोटरसाइकिल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। वार्ड पंच के पैर में चोट आई है। मोटर साइकिल चालक घायल युवक को उपचार के लिए बेलगांव उपस्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। उसके बाद उचित इलाज के लिए उन्हें नगरी स्थित सिविल अस्पताल रिफर किया गया। तहसीलदार ने अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

## मधुशाला बनी प्रयोगशाला, जनप्रतिनिधि एवं राहगीर शर्मसार, विभाग मौन

- ब्लॉक मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर मदिरा दुकान के संचालन से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ब्लॉक मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर मुख्य सड़क किनारे शासकीय देसी विदेशी मदिरा दुकान संचालित है। सुबह से 10-11 बजे रात्रि तक खुलेआम शराब पीने-पिलाने, मौज-मस्ती का दौर प्रतिदिन चल रहा है। मगरलोड का यह मधुशाला प्रयोगशाला का रूप ले चुकी है।

शाम के समय मदिराप्रेमियों की जबरदस्त भीड़ से आवागमन बंद सा हो जाता है। मार्ग से गुजरने वाले स्कूली-कॉलेज छात्र-छात्राएं, महिलाएं मुंह छुपाकर इस मुख्य मार्ग से गुजरती हैं। शराब पीने-पिलाने, मौज-मस्ती करने में मर्यादा की सारी हदें पार करने का खुला ड्रामा मगरलोड में देखा जा सकता है।

### जनपद अध्यक्ष, सरपंचों एवं ग्रामीणों ने की हटाने की मांग

ब्लॉक मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर सड़क किनारे खुलेआम शराब पीने-पिलाने, मौज-मस्ती से आवागमन बाधित हो रहा है। इस कृत्य से जनप्रतिनिधि भी शर्मसार होकर शासन-प्रशासन के प्रति काफी नाराज हैं। जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, भरदा सरपंच भानुप्रिया साहू सहित ग्रामीणों ने इस शासकीय शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू ने कहा कि इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर शराब दुकान को हटाने की मांग की जायेगी।

### नगर पंचायत के सम्मान में लगा ग्रहण

मगरलोड में नगर पंचायत 1 अक्टूबर 2008 से अस्तित्व में है। नगर पंचायत सीमा क्षेत्र में प्रवेश के पूर्व ही शासकीय देसी-विदेशी शराब दुकान का संचालन होना नगर पंचायत के सम्मान में काला धब्बा है। नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की लाख शिकायत के बाद भी सड़क किनारे से शासकीय शराब दुकान का अन्य स्थल पर नहीं हटाया जाना लोगों को समझ में नहीं आ रहा है। जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत एक सम्मानित संवैधानिक संस्था है। इस स्थान में प्रवेश के पूर्व ही ऐसा कृत्य करवाना ही संस्था के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने के सामान माना जाता है।

### आबकारी एवं पुलिस विभाग मौन

ब्लॉक मुख्यालय में सड़क किनारे खुलेआम शराब पीने-पिलाने मधुशाला संचालित है। आबकारी एवं पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानने के बाद भी मौन है। इससे स्पष्ट होता है कि इसे विभाग से संरक्षण प्राप्त है।

### शासन को राजस्व की हानि

मुख्य सड़क मार्ग किनारे खुले में शराब पीने-पिलाने से शासन को राजस्व की हानि भी हो रही है। अन्य शराब दुकान की भांति यहां पर भी चखना सेंटर संचालित करने से शासन को प्रतिमाह राजस्व प्राप्त हो सकता है, लेकिन प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण शासन को लाखों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है।

### तहसीलदार भी बने मूकदर्शक

ब्लॉक मुख्यालय में तहसील कार्यालय संचालित है। तहसीलदार और नायब तहसीलदार राजपत्रित अधिकारी का प्रतिदिन इस मार्ग से आना जाना होता है। तहसीलदार को प्रथम न्यायाधीश की मान्यता प्राप्त है। उच्चाधिकारी के कार्य क्षेत्र में इस प्रकार के कृत्य की रोकथाम के लिए अब तक प्रयास नहीं किया गया या प्रयास करना नहीं चाहते हैं, इस पर जन चर्चा हो रही है।

## सांकरा में अक्षय तृतीया मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम सांकरा के महावीर चौक में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ की परम्परिक त्योहार अक्ती मनाया गया। विधि-विधानपूर्वक बच्चों ने गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाया। ग्रामीणों ने भी बच्चों को उत्साहित किया। यह जानकारी गोविन्द चक्रधारी ने दी।

### अक्ती पर्व पर गुड्डे-गुड़ियों की रचाई शादी

**नगरी।** ग्राम उमरगांव में अक्ती पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों एवं बुजुर्गों में काफी उत्साह रहा। बच्चे सुबह से गुड्डे-गुड़ियों की शादी में तैयारी में जुट गए थे। मंडप को सजाकर बाजे-गाजे के साथ नाचते रहे। गुड्डे-गुड़ियों को तेल, हल्दी चढ़ाया गया। टीकावन के साथ सात भंवर की परंपरा निभाई गई। ग्राम के गौरा चौक ठाकुरपारा, गोवर्धन चौक, राम जानकी मंदिर पारा, बरपारा, स्कूल पारा में हर्षोल्लास से इस पर्व को मनाया गया।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ के महासचिव बने राजू



**नगरी।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ नगरी ब्लाक के महासचिव राजू पटेल मनोनीत हुए। पूर्व में वे छग श्रमजीवी पत्रकार संघ के सचिव पद पर रह चुके थे। वे छग कोसरिया मरार पटेल समाज के मीडिया प्रभारी के साथ नगरी सिहावा क्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष और ग्रामीण सांकरा क्षेत्र के उपाध्यक्ष हैं। उनकी नियुक्ति पर स मा ज ज नों समेत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रेमी जोड़े के शव की हुई शिनाख्ति

■ टांगापानी के जंगल में पेड़ पर लटका था दोनों का शव

**नगरी।** नगरी विकासखंड के टांगापानी के जंगल में प्रेमी जोड़े का शव फंदे पर लटका मिला था। युवक की शिनाख्ति भेजरीरावन (सेमरा) निवासी परमेश्वर नेताम, वहीं युवती की पहचान लीलांच निवासी राजेश्वरी ओटी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर नगरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में सिहावा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना है। आगे की कार्रवाई जारी है। खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया। इस बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है।

### ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग



**धमतरी।** किसान नेता घनाराम साहू ने कहा कि धमतरी जिले के अधिकांश क्षेत्र में लगातार बारिश, आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की फसल काफी नुकसान हो चुकी है। धान पककर तैयार हो चुका है लेकिन लगातार बारिश ओलावृष्टि के कारण बालियां झड़ गई हैं। किसान काफी लागत लगा चुके हैं और अब जब काटने लायक की स्थिति में है तो प्राकृतिक विनाश जारी है। किसानों ने भिंडी, बरबटी, लौकी, कुम्हड़ा, भटा, टमाटर की फसल लगाई है। इस आफत बारिश के कारण फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने विष्णुदेव साय सरकार से सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

### मोहगांव पटवारी निलंबित

**महासमुंद।** सोशल मिडिया में वायरल वीडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, 24 घंटे के पश्चात भी पटवारी प्रभाकर द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, फलस्वरुप आज उन्हें निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि वायरल वीडियो में आम जन से राशि की मांग करते हुए धनराशि प्राप्त की जा रही है, जिससे शासन-प्रशासन की छबि धूमिल हो रही है। उक्त वायरल विडियो के संबंध में संबंधित हल्का पटवारी को कार्यालय द्वारा 01 मई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। संबंधित पटवारी द्वारा 24 घंटे व्यतीत हो जाने के उपरांत भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। अतः उनका उक्त कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (2) के विपरित होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के विपरीत है।

## कम समय में सफाई ज्यादा हो रही है, उपेक्षित नालों की सफाई में सहायक : रामू रोहरा

# चेन माउंटेन से शुरू हुई बड़े नालों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बड़े नालों की सफाई अच्छे से हो सके इसके लिए निगम प्रशासन ने चेन माउंटेन मशीन की खरीदी की है। इसके माध्यम से बड़े नालों, नालियों के सफाई कार्य की शुरूआत शनिवार से हो गई। बारिश में जलभराव की समस्या और गंदगी से निजात दिलाने में दिलाने में चेन माउंटेन काफी सहायक सिद्ध हो रहा है। कम समय में लंबी दूरी तय करके नालों में फंसे लकड़ी के टुकड़े, कांच, सीमेंट, ईंट के अवशेष, झिल्ली, प्लास्टिक गाद जलकुंभी को मिनटों में साफ कर बाहर निकाल रहा है। मार्च अप्रैल में सफाई की शुरूआत करने का मुख्य उद्देश्य बारिश के नालों की धारा को बरकरार रखना है।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि अब शहर के बड़े नालों, नालियों की सफाई चेन माउंटेन से होगी। सफाई का मुख्य उद्देश्य बारिश में जलभराव को रोकना है। चेन माउंटेन से नालों की गहराई तक सफाई हो रही है। नालों में जमी गंदगी को चंद मिनटों में बाहर निकाला जा रहा है। शहरवासियों की मांग पर कम समय में उपेक्षित नालों की सफाई हो रही है। पहले दिन सोरिद नाला की सफाई की गई जो वर्षों से उपेक्षित था। नाला के साफ होने से काफी हद तक शहर के जलभराव को रोका जा सकता है। सोरिद नाला में जाम कचरे की वजह से कई वार्ड में जलभराव की समस्या होती है। अब निगम प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि चेन माउंटेन मशीन की सहायता से पहले दिन सोरिद नाला की सफाई की गई, जहां कई टन कचरा बाहर निकाला गया। शहर के नालों और नालियों की सफाई को निगम ने मिशन मोड में ले लिया है। कोशिश रहेगी कि बारिश पूर्व सभी नालों की सफाई अच्छे से हो, ताकि आम नागरिकों को कोई असुविधा न हो। सफाई कार्य का प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

सभापति कौशिल्या देवांगन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश लुनिया ने बताया कि साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगम का उद्देश्य लोगों को सफाई के साथ-साथ स्वच्छ वातावरण मिल सके। लोगों की मांग के अनुरूप चिन्हांकित स्थानों की सफाई की जा रही है। शहर को जलभराव, गंदगी, मच्छर, मक्खियों से निजात मिलेगी।



## गट्टासिल्ली क्षेत्र में चली तेज आंधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

गट्टासिल्ली क्षेत्र में लगातार पिछले चार-पांच दिनों से अंधड़ बारिश की वजह से क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को शाम 5 बजे तेज हवा और वर्षा की वजह से ग्राम सारंगपुरी के भेवेन्द्र साहू के आम बुरी तरह से झड़ गए, जिससे उसे नुकसान पहुंचा है। गट्टासिल्ली क्षेत्र में इन दिनों शाम होते ही तेज हवा चलने लगती है और गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। साथ ही ओलावृष्टि भी हो रही है। वहीं बारिश से किसानों को भी नुकसान पहुंच रहा है। गट्टासिल्ली से करैहा मार्ग पर विशाल धौरा का पेड़ गिर गया हैं जिसकी वजह से वाहनों की आवाजाही रुक गई।

## भगवान परशुराम व आद्य शंकराचार्य का जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ पहलगाम के मृतात्माओं को दी गई श्रद्धांजलि

आद्य शंकराचार्य एवं भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सेवा प्रकल्प कार्यक्रम के तहत शताब्दी उद्यान में विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम मार्निंग ग्रुप रमसगरी गार्डन योगा ग्रुप के तत्वावधान में हुआ। भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि पहलगाम की बर्बर आंतकी घटना ने भारत की आत्मा पर सीधा हमला किया है। देश की 140 करोड़ जनता चाहती है कि अब पाकिस्तान को सबक सिखाना जरूरी हो गया है। इसी कड़ी में पहलगाम में 27 मृतात्माओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद पिन्टू यादव और आभार प्रदर्शन हेमंत बंजारे ने किया। इस अवसर पर राजू गुप्ता, लखन सिन्हा, शत्रुघन सोम, हरिशंकर पाठक, पवनगिरी गोस्वामी, लक्ष्मण जिज्ञासी, महेश सामनानी, प्रकाश पटेल, सत्येन्द्र ठाकुर, संदीप गायकवाड़, अशोक साहू, लक्ष्मण रजक, विजय सिंह ठाकुर, प्रदीप गुप्ता, रोहित सोनी, राजेश यादव, विक्रांत पवार, मुकेश पटेल, अय्यूब खान, राजा फुटान, पप्पू सोनी, वेदप्रकाश देवांगन, शिव कुमार जैस, खियल दास वाधवानी, गन्नू, भूपेन्द्र साहू, सत्तू सोनी, राकेश सोनी, अशोक साहू उपस्थित थे।

## प्राचार्य मंच ने अपनी मांगों को लेकर डीईओ, डीएमसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्राचार्य मंच जिला धमतरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष टीआर नागवंशी एवं जिला सचिव गेवाराम नेताम के नेतृत्व में डीईओ एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा धमतरी के नाम अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उनके प्रतिनिधि के रूप में एडीपीओ डीके सूर्यवंशी एवं समग्र शिक्षा कार्यालय में डीएमसी भुवनेश जैन से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। प्रमुख मांगों में समग्र शिक्षा अंतर्गत संकुल हेतु विभिन्न मदों में प्राप्त अनुदान राशि के समुचित उपयोग के लिए संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्यों को स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किया जाए।

संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य के अधिकार एवं कर्तव्य संबंधित एक बैठक विभागीय अधिकारियों के साथ अति शीघ्र की जाए। ग्रीष्मकालीन समर कैंप पूर्णतया स्वैच्छिक है अतः विभाग की ओर से दबाव डालकर संचालित न किया जाए।

आगामी शैक्षणिक सत्र में विभागीय प्रशिक्षण, विभागीय बैठक एवं अन्य गतिविधियों तथा कार्यक्रम अत्यधिक रूप में ना किया जावे। इसी प्रकार आगामी शैक्षणिक सत्र में बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में केंद्राध्यक्ष के रूप में अनिवार्य रूप से पूर्णकालिक प्राचार्य के साथ प्रभारी प्राचार्य गण एवं वरिष्ठ व्याख्याता गण का ही ड्यूटी लगाई जावे।

विनोबा एप के संचालन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में भी चर्चा की गई। मांगों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों द्वारा सकारात्मक जवाब दिया गया है। इस अवसर पर संजय चंद्राकर, राहुल नेताम, देवेंद्र भारद्वाज, नवीन साहू, कांति भारद्वाज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महिला सेवा संस्थान ने श्रमिकों को पानी बोतल भेंट की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान द्वारा भवन निर्माण श्रमिकों और ऑटो रिक्शा चालकों को पानी बोतल और पटका देकर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू, उपाध्यक्ष शमीना अंजुम, कोषाध्यक्ष भारती साहू, जिला अध्यक्ष कनक शाह, वार्ड अध्यक्ष भारती सोनी, दयावती ढीमर का सहयोग रहा। क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष निखिलेश दीवान, खोरबहरा ध्रुव, श्रमिक मनोज मंडावी, तेजराम साहू, रामेश्वरी साहू, नरेंद्र ध्रुव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहनी साहू ने कहा कि मजदूर हमारे देश की नींव है जो हर परिस्थितियों को सहकर चाहे गर्मी, बरसात या ठंड हो निर्माण कार्य में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाते हैं। हमें उनका हमेशा सम्मान करना चाहिए।

### डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा में मजदूर दिवस मनाया गया। मजदूर दिवस यानी लेबर डे दुनिया भर के मजदूरों और कामगारों के अधिकारों और योगदान को याद करने का दिन है। इसकी शुरूआत लेबर यूनियन मूवमेंट से हुई थी, जिसका मकसद 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन था।

## दोपहर को छाए बादल, शाम को तेज आंधी के साथ हुई बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ चारगांव मेन रोड पर कई जगहो पेड़ गिरे
■ चारगांव में तीन दिन से बिजली बंद

नगरी अंचल में बीते एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। शनिवार को नगरी में शाम तेज आंधी व तूफान आया। उसके बाद नगर में हल्की-हल्की बारिश हुई। आंधी तूफान से चारगांव खरका मेन रोड में कई पेड़ गिर गए। बारिश से लोगों को परेशानी सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।

तेज आंधी तूफान के चलते नगरी ब्लाक के कई क्षेत्रों में बिजली के तार टूट गए हैं। बिजली खंभे टूट गए हैं। कमार बसाहट के मेन रोड जाने वाले रास्ते में बिजली पोल टूटकर पड़ा हुआ है। तार को हटाने वाला कोई नहीं है। कभी भी घटना हो सकती है। चारगांव के पूर्व सरपंच रमेश धनुषधारी ने बताया कि 2 दिन से लाइन बंद हैं।

विभाग द्वारा नहीं बनाया जा रहा है। कमार जनजाति के लोग अंधेरे में रहने विवश हैं। शनिवार को दोपहर 3 बजे के बाद से आसमान में बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी तूफान चला। शाम 6 बजे के बाद कई स्थानों में रुक-रुककर वर्षा हुई। पानी गिरने से मौसम सुहावना हो गया है। बारिश से किसान चिंतित हैं। खेत में फसल पककर तैयार है। ऐसे में तेज वर्षा से किसानों को फसल नुकसान हो रहा है। एक-दो दिन के भीतर कटाई करानी है।

विभाग के अधिकारी ने बताया कि तार मेन रोड पर पड़ा है। इसकी जानकारी नहीं है। कर्मचारियों को भेजकर ठीक करवाते हैं। आंधी तूफान से आए दिन बिजली पोल टूट रहा है। कर्मचारियों की कमी के कारण सुधार कार्य में विलंब हो रहा है।

## भविष्य में पानी की बड़ी समस्या से बचने आज से ही उपाय करने होंगे : ज्योति

■ नपं अध्यक्ष समेत वार्ड पार्षदों ने लोगों से पानी बचाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



जल सेवा का अर्थ है मानवों को पानी उपलब्ध कराना। पानी जीवन के लिए आवश्यक है। इस जिम्मेदारी को नगरीय निकाय भखारा भठेली के जनप्रतिनिधि संजीदगी से निभा रहे हैं। लोगों से पानी बचाने अपील के साथ ही हमर नगर हमर जिम्मेदारी इस टैगलाइन को याद दिलाकर विभिन्न वार्डों को पानी हेतु टंकी, मोटर लगाकर नागरिकों को अधिकार के साथ ही कर्तव्य को याद दिलाया जा रहा है। नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, वार्ड पार्षद अंजु साहू, परदेशी कंवर ने लोगों से पानी बचाने की अपील की है।

सभी ने एक स्वर में कहा कि भविष्य में बड़ी समस्या से बचने आज से ही उपाय करने होंगे। जल की हर बूंद को बचाना होगा। इसके लिए अच्छी नीयत से सबको पहल करनी होगी। वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण, तालाबों का संरक्षण इस दिशा में समुचित महत्वपूर्ण प्रयास है।

भखारा और भठेली प्रारंभ से ही ड्राई जोन रहा है। कुओं और तालाबों की भी गिनती पहले से कम और विस्तार संकुचित हो गई है जिसके कई कारण है। भविष्य की प्लानिंग करते हुए पानी की उपलब्धता बनाए और बचाए रखने इन तकनीकों का उपयोग आवश्यक और अनिवार्य हो गया है। नगर पंचायत भवनों, शासकीय भवनों के साथ ही नागरिकों में इस हेतु जनजागरण चलाया जाएगा। जिसने वाटर हार्वेस्टिंग नहीं किया है स्वयंमेव बनाकर अपना जल भविष्य उज्ज्वल करे। इससे पानी की तकलीफों से मुक्ति मिले।

मौके पर हरख जैन सहित उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, कुंदन साहू, सेवक साहू, भान बाई, द्रोपदी साहू, ईश्वरी साहू, टोमिन साहू, लक्ष्मी राजू साहू, देवकी साहू, अनुराग सागर उपस्थित थे। पूर्व पार्षद ओंकार राव मराठा ने इस भागीरथ प्रयास की सराहना की।

## वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** वंदेमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कक्षा नर्सरी में गौरव साहू एवं प्रियांशी सारसर प्रथम, सुहानी साहू द्वितीय, रोशनी साहू तृतीय, कक्षा केजी-1 में जेशिका यादव प्रथम, दृशा रिगरी द्वितीय, उमंग सोनकर तृतीय, कक्षा केजी-2 में जान्हवी साहू प्रथम, मोक्षता देवांगन द्वितीय, अनय देवांगन तृतीय, कक्षा-1 में लीना साहू प्रथम, आयुषी सोनी द्वितीय, निधि सोनकर तृतीय, कक्षा-2 में सौभाग्या बंग प्रथम, धातृ साहू द्वितीय, विराट निर्मलकर तृतीय, कक्षा-3 में चांदनी सोनकर प्रथम, समृद्धि सोनी द्वितीय, दिव्यांश ध्रुव तृतीय, कक्षा-4 हिमांशी पांडे प्रथम, गरिमा ओटी द्वितीय, आध्या सान्डेल तृतीय, कक्षा-6 में पारुल देवांगन प्रथम, खुशी देवांगन द्वितीय, शैलेश कुमार साहू तृतीय, कक्षा-7 मितेश साहू में प्रथम, चंद्रप्रकाश शर्मा द्वितीय, तन्वी पांडे तृतीय स्थान पर रही।




### अंबेडकर चौक में आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

# जातिगत जनगणना से देश के पिछड़े वर्ग को मिलेगा अधिकार

■ केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना करवाने के फैसले को युकां ने राहुल गांधी की जीत बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



केंद्र सरकार के जातिगत जनगणना करवाने के फैसले पर युवा कांग्रेस इसे नेता विपक्ष राहुल गांधी के मुद्दे की जीत बताते हुए अंबेडकर चौक में एकत्रित हुए और अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आतिशबाजी की एवं लोगों को मिठाई बांटी। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि यि लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा इस मुद्दे पर सामाजिक न्याय व समानता की दिशा में उठाए गए मजबूत और सतत प्रयास के साथ सड़क से लेकर संसद तक उठाई गई आवाज का परिणाम है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश के वंचित, पिछड़े और शोषित वर्ग के लिए न केवल उनकी वास्तविक सामाजिक स्थिति को जानने का माध्यम बनेगी, बल्कि उन्हें उनके अधिकार दिलाने और विकास की मुख्यधारा में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी ने कहा कि आज देश में मजबूत विपक्ष का परिणाम है कि केन्द्र की सरकार को देश की जनता की आवाज के सामने झुककर उनके हित में निर्णय लेना पड़ रहा है।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आकाश गोलछा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, प्रदेश कांग्रेस कृष्णा मरकाम, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, जिला कांग्रेस सचिव विक्रांत पवार, पार्षद विशु देवांगन, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, कुलेश्वर देवांगन, आशुतोष खरे, तोगू गुरुपंच, देवेन्द्र देवांगन, गणेश्वरी कामड़े, कुशल देवांगन, अविनाश मारोठे, धर्मेंद्र पटेल, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

